हादसा

एनएच 30 पर कालपी के पास भीषण सड़क हादसा, चालक की मौत, तीन घायल, एक जबलपुर रेफर

पिकअप और ट्रॉला की टक्कर में एक की मौत

बीजाडांडी, नवभारत। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर रविवार और सोमवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ग्राम कालपी के फॉरेस्ट डिपो के समीप एक तेज रफ्तार ट्राला और पिकअप की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस भिड़ंत में पिकअप चला रहे वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए।

जानकारी अनुसार पिकअप वाहन नारायणगंज से कालपी की ओर लौट रहा था। इसी दौरान हाईवे में कालपी काष्टागार के पास जबलपुर की तरफ आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रॉला पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के दौरान ट्राला की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन चालक कैलाश साहू निवासी कालपी की घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। टक्कर मारने के बाद ट्राला वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और बीजाडांडी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल बीजाडांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां घायलों का उपचार शुरू किया गया।

बताया गया कि पिकअप में वाहन चालक के साथ तीन लोग योगेश पावले, संजय यादव और बलराम अहिरवार और सवार थे। हादसे में घायल योगेश पावले 26 वर्ष, पिता दलपत पावले निवासी कालपी की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। वहीं हादसे में घायल संजय यादव 36 वर्ष, पिता मिठाई लाल यादव निवासी कालपी का उपचार फिलहाल बीजाडांडी स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। बलराम अहिरवार को मामूली चोटें आई हैं।

बीजाडांडी थाना प्रभारी अनिता कुड़ापे ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार सुबह मृतक के शव का पीएम कराकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्राला वाहन की पहचान कर ली है और मामला दर्ज कर हादसे की जांच कर रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

नारायणगंज। जिले के नेशनल हाईवे पर बीते रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। जबलपुर मार्ग पर वेलवेदर स्कूल के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से भागने में सफल रहा। मृतक की पहचान 22 वर्षीय विशाल झारिया के रूप में हुई है, जो ग्राम सागर का निवासी था। जानकारी के अनुसार, विशाल रविवार रात अपनी बाइक से जबलपुर मार्ग की ओर जा रहा था। इसी दौरान वेलवेदर स्कूल के पास विपरीत दिशा या पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विशाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची और लहूलुहान हालत में विशाल को जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आरोपी वाहन की तलाश में जुटी पुलिस–हादसे के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य सुरागों के माध्यम से आरोपी वाहन की पहचान करने की कोशिश कर रही है। नेशनल हाईवे पर रात के समय हुए इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों के कहर और सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अवैध रेत का परिवहन करते 6 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

टाटरी चौकी की अभिरक्षा में सौंपे गए वाहन

टाटरी। कलेक्टर के मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशासन को अवैध रेत परिवहन की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। सूचना की तस्दीक करते हुए राजस्व और खनिज विभाग की टीम ने संयुक्त दबिश दी, जहाँ रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 6 ट्रैक्टरों को रंगे हाथों पकड़ा गया।

बताया गया कि पकड़े गए वाहनों में नंबर प्लेट और चेचिस नंबर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 1174, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 51 जीडी 6792, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 8789, महिन्द्रा कंपनी चेचिस नंबर 006516554 बी 1, पावर ट्रेक कंपनी चेचिस नंबर टी 053733246 एलपी, आइशर कंपनी चेचिस नंबर 926813175721 को जब्त किया गया है।

कठोर कानूनी कार्रवाई की तैयारी–जब्त किए गए सभी वाहनों को पुलिस चौकी टाटरी के प्रभारी की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। विभाग द्वारा इन सभी के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के कड़े प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आगामी वैधानिक कार्यवाही के लिए मामले की फाइल कलेक्टर न्यायालय को प्रेषित की जा रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के रेत माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि खनिजों के अवैध दोहन को रोकने के लिए इस तरह की औचक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा सामाजिक मंथन

22 को ग्राम दुपटा में होगी विश्वकर्मा समाज की बैठक

निवास। विश्वकर्मा समाज की संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक चर्चा को गति देने जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 22 फरवरी रविवार को आयोजित की जाएगी। जिला कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, इस बार की बैठक जिला मुख्यालय के बजाय मोहगांव ब्लॉक के ग्राम दुपटा में संपन्न होगी।समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाली इस बैठक का स्वरूप इस बार विस्तृत रखा गया है। जिसमें दोपहर 2 बजे से ग्राम दुपटा, ब्लॉक मोहगांव में बैठक का शुभारंभ होगा। बैठक के साथ-साथ रात्रि विश्राम का कार्यक्रम भी रखा गया है, जिसमें सामाजिक चर्चा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने की पहल–जिला कार्यकारिणी की मंशा है कि जिला स्तर के पदाधिकारी प्रत्येक ब्लॉक में जाकर समाज के भाइयों से सीधे संवाद करें। इसी उद्देश्य से बैठक का स्थान ग्राम दुपटा चयनित किया गया है। इस बैठक में जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों के साथ-साथ ब्लॉक अध्यक्षों और सचिवों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने समस्त पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों से निवेदन किया गया है कि वे अपना अमूल्य समय देकर इस आयोजन को सफल बनाएं। कार्यक्रम स्थल पर समाज के लोगों के लिए रुकने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

मेहंदवानी में अवैध मुरूम खनन पर बड़ी कार्रवाई, जेसीबी जब्त

डिंडौरी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को ग्राम सारसडोली, उप तहसील मेहंदवानी में अवैध मुरूम खनन पर कार्रवाई की गई।खनिज अधिकारी अशोक नागले ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन को मौके से जब्त किया गया। जब्त जेसीबी के मालिक अनिल साहू, निवासी सारसडोली बताए गए हैं, जबकि मशीन का संचालन चालक विनोद उईके द्वारा किया जा रहा था। खनिज विभाग की टीम ने जप्त जेसीबी को पुलिस थाना मेहंदवानी में सुरक्षित खड़ा कराया है। प्रकरण में नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

गांव-गांव सजी पुलिस चौपाल, सुरक्षा और सजगता का दिया संदेश

हेलमेट की अनिवार्यता, साइबर ठगी और नशा मुक्ति के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

निवास। पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के पालन में मंडला पुलिस अब सीधे जनता के बीच पहुँचकर उन्हें अपराधों के प्रति सचेत कर रही है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में रविवार को पूरे जिले के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को कानून और सुरक्षा के बुनियादी नियमों से रूबरू कराना है।

जिले के दूरस्थ अंचलों तक पहुँच बनाने के लिए पुलिस ने सघन अभियान चलाया। प्रमुख रूप से जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें थाना क्षेत्र नारायणगंज के टिकरिया थाने के बीजेगांव, निवास के बबलिया, कोतवाली के अमानाला, घुघरी के गुल्लू डोंगर, बीजाडांडी के भौंडी और मवई के करेली-करेला, चौकी क्षेत्र अंजनिया, पिंडरई के बीजेगांव, टाटरी के भरवेली, चाबी के झंडा टोला और मनेरी के चरगांव में आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित रहा अभियान

चौपाल के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया और विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। जिसें हेलमेट पहनने की अनिवार्यता और यातायात नियमों के पालन से कैसे अनमोल जीवन बचाया जा सकता है। वर्तमान में बढ़ रहे डिजिटल फ्रॉड, ओटीपी शेयर न करने और संदिग्ध लिंक से बचने के तरीके बताए गए। समाज और युवाओं को नशे के चंगुल से मुक्त करने के लिए ग्रामीणों का सहयोग मांगा गया। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

ग्रामीणों ने दिखाई रुचि

पुलिस की इस पहल की ग्रामीण क्षेत्रों में काफी सराहना हो रही है। चौपाल के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम हो रही है, जिससे लोग निडर होकर अपनी समस्याएं साझा कर पा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह माइक्रो बीट अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

क्रेशर संचालक से 1 .47 लाख की ठगी

सीमेंट सप्लाई के नाम पर मोबाइल पर हुआ सौदा, पुलिस ने दर्ज किया मामला

उमरिया। राघोपुर स्थित दयाल क्रेशर के संचालक राजकुमार यादव से सीमेंट सप्लाई के नाम पर 1 लाख 47 हजार 200 रुपये की ठगी की गई। रकम खाते में जमा होते ही आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया।

पीड़ित राजकुमार यादव ने शनिवार को बताया कि उन्हें ईंट निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में सीमेंट की जरूरत थी। इस दौरान उन्होंने मोबाइल पर नॉन-ट्रेड सीमेंट विक्रेताओं की जानकारी खोजी। इसी क्रम में एक व्यक्ति से संपर्क हुआ, जिसने दो दिन के भीतर 640 बोरी सीमेंट सप्लाई करने का भरोसा दिलाया।

अग्रिम भुगतान के बाद टूटा संपर्क

आरोपी ने सीमेंट सप्लाई से पहले अग्रिम राशि की मांग की। विश्वास में आकर राजकुमार यादव ने बताई गई रकम उसके खाते में ट्रांसफर कर दी। जैसे ही राशि जमा हुई, आरोपी का मोबाइल फोन बंद हो गया। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ।

चंदिया थाने में दर्ज हुई शिकायत

घटना के बाद पीड़ित ने चंदिया थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी जेएस परस्ते ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। पुलिस साइबर माध्यमों से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

मजबूत संगठन ही पार्टी की रीढ़ : विजय कोल

मानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बल्हौड़ व नौगवां में कांग्रेस कमेटी का गठन

उमरिया। मानपुर ब्लॉक के बल्हौड़ मंडलम अंतर्गत बल्हौड़, नौगवां में ग्रामीणजनों के साथ बैठक आयोजित कर ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। यह बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय कोल के नेतृत्व में आहूत की गई।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी विजय कोल ने कहा है कि संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने तथा ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने पर विस्तार से चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर मजबूत संगठन ही पार्टी की रीढ़ होती है और कांग्रेस आमजन के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रहेगी।

मनरेगा पर ग्रामीणों से की विस्तृत चर्चा–जिलाध्यक्ष इंजी. विजय कोल ने बैठक में कहा कि ग्राम स्तर पर आयोजित बैठक में मनरेगा के अधिकारों को लेकर ग्रामीणों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में इंजी विजय कोल ने बताया कि मनरेगा ग्रामीणों को रोजगार का कानूनी अधिकार प्रदान करता था, लेकिन वर्तमान में केंद्र सरकार ने मनरेगा के जगह पर वीबी जी राम जी के कानून को लाकर गरीब मजदूर के हक अधिकार को खत्म कर दिया है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मिथलेश राय, वीरेंद्र सिंह सेंगर, रामगोपाल दाहिया,सुश्री रोशनी सिंह, ज्ञानप्रकाश पटेल, उमाशंकर पटेल, विजय गौतम, राजीव सिंह, विष्णुकांत तिवारी, पंकज दिवेदी, राम संत शिवरतन गुप्ता, अशोक कुमार पटेल, अनुज कुमार गुप्ता, राम सज़ीवन कोल, बाबूलाल पटेल, उदयभान पटेल आदि उपस्थित रहे।

कड़कनाथ पालन से आत्मनिर्भर बनीं सुडगांव की उर्मिला

40 चूजों से पालन शुरू कर अब तक कमाया 25 हजार का लाभ

मोहगांव। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में शासन की योजनाएं मील का पत्थर साबित हो रही हैं। इसका ताजा उदाहरण जनपद पंचायत मोहगाँव के ग्राम सुडगाँव में देखने को मिला है, जहाँ श्रीमती उर्मिला मार्को ने कड़कनाथ कुक्कुट पालन को अपनाकर अपनी आर्थिक तस्वीर बदल दी है। उर्मिला आज क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गई हैं। उर्मिला मार्को उच्च गुणवत्ता वाला कुक्कुट आहार, आवश्यक दवाइयां और कुक्कुट इकाई, पशुपालन विभाग द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से पालन का प्रशिक्षण दिया गया है।

बढ़ती मांग का मिला लाभ

उर्मिला ने बताया कि कड़कनाथ मुर्गी का काला मांस अपने औषधीय गुणों, कम कोलेस्ट्रॉल और उच्च प्रोटीन के लिए जाना जाता है। बाजार में इसकी विशेष मांग होने के कारण उन्हें उत्पाद बेचने में कोई परेशानी नहीं हुई। घर बैठे मिले इस स्वरोजगार से उन्होंने अब तक लगभग 25,000 रुपये की आय अर्जित कर ली है।

स्वावलंबन की ओर बढ़ते कदम

उर्मिला ने बताया कि शासन की इस मदद से न केवल उनकी आय बढ़ी है, बल्कि अब वें अपने परिवार की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर पा रही है। पशुपालन विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और उर्मिला की मेहनत का ही परिणाम है कि आज वह आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हैं।

क्षेत्र के विकास को दी जाएगी प्राथमिकता

रामगढ़ में कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया संवाद

अमरपुर। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ एवं अमरपुर का भ्रमण कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम रामगढ़ में विकास की संभावनाओं पर विशेष ध्यान दिया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं व सुझाव सुने।

कलेक्टर ने वीरांगना रानी अवंती बाई के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने हर कार्य की गंभीरता से समीक्षा की और दृढ़ता व जोश के साथ आवश्यक निर्णय लिए।इस अवसर पर रानी अवंती बाई कला संश्रय की संचालिका शील महदेल एवं उनके बड़े भाई गजराज सिंह महदेल, जो कि रानी अवंती बाई के वंशज हैं, उपस्थित रहे। साथ ही सहयोगी सदस्य नीलम रानी छोकरा भी मौजूद रहीं।

अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

इन सभी ने ग्राम रामगढ़ में प्रस्तावित एवं आवश्यक विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी कलेक्टर को दी और यह बताया कि किन-किन क्षेत्रों में कार्य की आवश्यकता है तथा कहां-कहां कमियां हैं। उन्होंने इन कार्यों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सक्रिय प्रयास किए। सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी भी कलेक्टर को दी गई, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मानपुर में 15 को निकलेगी शिव बारात

उमरिया। खंड पार्थेश्वर महादेव विवाह उत्सव समिति मानपुर के सदस्य सचिन बबलू यादव ने बताया कि समिति द्वारा 15 फरवरी रविवार को महादेव की बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। बारात का आयोजन दोपहर 3 बजे से फॉरेस्ट ऑफिस शिव मंदिर प्रांगण से शुरू होगा। इस बारात में ढोल नगाड़े और डीजे की धुन पर महादेव की बारात नगर के बस स्टैंड और मुख्य बाजार से होती हुई नगर के हृदय स्थल, पुरानी बाजार रामलीला मैदान पर स्थित काली मंदिर पहुंचेगी। यहां शिव विवाह का आयोजन होगा और महाआरती होगी। समारोह का समापन रात्रि 8 बजे महाप्रसाद के वितरण से होगा। समिति के प्रमुख सदस्य लाला यादव, अनिरुद्ध गुप्ता, बबलू शुक्ला, विकास शुक्ला, शालू गुप्ता, बसंत नामदेव, शिवम यादव, अनीश विश्वकर्मा, शिवम नामदेव और दुर्गेश कुशवाहा ने नगर के सभी शिव भक्तों, समाजसेवियों और पत्रकार बंधुओं से आग्रह किया है।

कलेक्टर ने चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

मौके पर लिए बड़े फैसले, विकास कार्यों का लिया जायजा

डिंडौरी। जनसमस्याओं को कागज़ों से निकालकर ज़मीन पर सुलझाने के उद्देश्य से कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया शनिवार को विकासखंड अमरपुर के रामगढ़ और अमरपुर ग्राम पंचायतों में पहुँचीं। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने न सिर्फ विकास कार्यों का जायजा लिया, बल्कि ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं भी गंभीरता से सुनीं।

ग्राम पंचायत रामगढ़ में स्थित रानी अवंतीबाई किला एवं पार्क को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर स्वयं प्रशासनिक अमले के साथ पार्क परिसर पहुंचीं। यहीं ग्रामीणों के साथ चौपाल आयोजित की गई, जहां साफ-सफाई, पेयजल, बाउंड्री वॉल, गेट मरम्मत, पौधों के संरक्षण, मंदिर व परिसर की पुताई जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

पार्क के सौंदर्यीकरण के दिए निर्देश

ग्रामीणों द्वारा पार्क के संचालन हेतु हैंडओवर की मांग पर कलेक्टर ने दो टूक कहा कि पार्क शासकीय संपत्ति है, इसे किसी व्यक्ति या समूह को सौंपा नहीं जा सकता। इसकी देखरेख एवं संचालन ग्राम पंचायत द्वारा ही किया जाएगा, ताकि व्यवस्थाएं पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनी रहें। ग्रामीणों ने पार्क के गेट, दीवार और बाउंड्री टूटने तथा पानी की पाइपलाइन व नल क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने सचिव सुनील ठाकुर एवं सरपंच वंदना ठाकुर को 15वें वित्त आयोग मद से तत्काल मरम्मत व सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए।

निर्माण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए

निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित नवीन सामुदायिक भवन के लिए पार्क परिसर के समीप भूमि समतलीकरण किए जाने पर कलेक्टर ने आपत्ति जताई और स्पष्ट निर्देश दिए कि पार्क की सुंदरता प्रभावित नहीं हो, इसके लिए भवन का निर्माण किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर किया जाए, साथ ही एसडीओ आरईएस, इंजीनियर एवं सरपंच को निर्माण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।